**दिनांक-24.05.2017 को निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आहूत क्षेत्रीय पदाधिकारियों के राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:- संलग्न।**

**<u>I. कृषि :-</u>**

1. रब्बी मौसम 2016-17 के फसल कटनी प्रयोग की सम्पादित अनुसूचियाँ/परिशिष्ट-2 एवं 3 के प्राप्ति की समीक्षा की गई। गेहूँ फसल कटनी प्रयोग का शेखपुरा, बेगूसराय, खगड़िया एवं मधेपुरा जिला से अपेक्षित अनुसूचियाँ एवं शेष जिलों से आंशिक अनुसूचियाँ प्राप्त हुई है। मुंगेर जिला की स्थिति सबसे दयनीय है। संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि दिनांक-27.05.2017 तक सभी लंबित सम्पादित अनुसूचियाँ निश्चित रूप से निदेशालय को लभ्य करायें अन्यथा उनके विरूद्ध प्रपत्र 'क' गठित कर दिया जायेगा।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

2. निदेश दिया गया कि रब्बी मौसम 2016-17 के सभी फसलों के फसल कटनी प्रयोग की शत्-प्रतिशत सम्पादित अनुसूचियाँ/परिशिष्ट-2 एवं 3 तथा निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक-27.05.17 तक अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय को लभ्य कराना सुनिश्चित करें। ताकि समय पर उपजदर आकलित कर संबंधित बीमा कम्पनियों को भेजा जा सके।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

3. रब्बी मौसम 2016-17 के कृषि सांख्यिकी के अन्य प्रतिवेदनों यथा- भूमि उपयोग विवरणी, जिन्सवार, द्रुत जिन्सवार एवं फसल सांख्यिकी सुधार से संबंधित प्रपत्र 1.0, 1.1 एवं 2.0 की मौसमवार लंबित प्रतिवेदन अविलंब प्रेषित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

4. सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि रब्बी मकई की कटनी अभी जारी है अतएव उसके सम्पादित अनुसूचियों के प्रेषण की निर्धारित समय सीमा में वृद्धि करने का अनुरोध किया गया।

**(अनुपालन- कृषि प्रभाग, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय)**

5. एक राजस्व ग्राम में एक से अधिक पंचायत होने की स्थिति में राजस्व ग्राम को इकाई मानकर फसल कटनी प्रयोग आयोजित किया जाना है। जिसका उपज दर उक्त राजस्व गाँव के सभी पंचायतों के लिए मान्य है। प्राय: एक ही पंचायत का परिशिष्ट-3 प्रेषित किया जा रहा है फलत: उस राजस्व ग्राम से बने शेष पंचायतों का उपज दर प्रेषित नहीं किया जा सकेगा।

   अत: प्रत्येक वैसे राजस्व गाँव से बने सभी पंचायतों का उल्लेख परिशिष्ट-3 में करते हुए(समान आंकड़ा अंकित कर) प्रेषित करना आवश्यक है। परिशिष्ट-2 में भी सभी पंचायत के नाम के कॉलम में सभी पंचायतों का नाम अंकित किया जाय।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

6. **<u>वर्षापात</u>:-** वर्षामापी यंत्र के रखरखाव, अधिष्ठापन एवं उससे वर्षा का ससमय मापन कर प्रतिवेदन 10.00 बजे पूर्वाह्न तक अचूक रूप से ई-मेल/Whatsapp के माध्यम से प्रेषित करने का निदेश दिया गया ताकि IMD एवं अन्य विभाग द्वारा इसका सम्यक् उपयोग किया जा सके। सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को मानक के अनुरूप नही रहने वाले वर्षामापी यंत्रों को अविलंब मानक के अनुरूप अधिष्ठापित कर लिये जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

7. सभी उपस्थित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रब्बी 2016-17 के सभी फसलों के फसल कटनी प्रयोग के सफल क्रियान्वयन के निमित्त निर्गत अद्यतन पत्रों एवं आवंटन की प्रति उपलब्ध करा दी गयी।
8. निदेश दिया गया कि फसल कटनी प्रयोग सम्पादित करने वाले प्रयोगकर्त्ताओं को निर्धारित पारिश्रमिक राशि का भुगतान दस दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

**<u>II. जीवनांक</u> :-**

1. **ऑनलाईन रजिस्ट्रीकरण**- उपस्थित 13 जिलों में से मुंगेर जिला में अभी तक ऑनलाईन रजिस्ट्रीकरण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। इस विषय को बहुत ही गम्भीरता से लेते हुए इस पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं सहायक निदेशक (ऑनलाईन) को व्यक्तिगत रूप से आगामी शनिवार (27.05.2017) को मुंगेर जाकर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कार्य प्रारम्भ कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- जीवनांक प्रशाखा)**

2. **नागरिक निबंधन प्रशिक्षण का उपयोगिता प्रमाण पत्र**- उपस्थित 13 जिलों में से खगड़िया एवं किशनगंज से क्रमशः 82000/- एवं 79880/- रूपये का उपयोगिता प्रमाण-पत्र लम्बित है। जिसे किसी भी परिस्थिति में इस माह के अन्त तक लभ्य कराने का निदेश दिया गया।
3. **जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण की मासिक स्थिति**- वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण के संबंध में स्पष्ट निदेश दिया गया कि माह अप्रैल 2017 तक जिन जिलों का जन्म रजिस्ट्रीकरण 33% से कम है उसे असंतोषप्रद माना जायेगा। इस दृष्टिकोण से सहरसा एवं मधेपुरा को छोड़कर सभी जिलों की स्थिति असंतोषप्रद है। स्पष्ट निदेश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में आगामी माह तक प्रगति सुनिश्चित करें। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका को पोषाहार दिवस/मदर्स डे के अवसर पर उनके केन्द्र पर नामांकित 03-05 वर्ष के सभी बच्चों का जन्म पंजीकरण सुनिश्चित करना है।

   राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना से आये प्रतिनिधियों द्वारा दिनांक-30.05.2017 को राज्य स्तरीय विडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजन किये जाने की सूचना दी गयी। सभी निजी चिकित्सा संस्थानों को निदेश दिया गया कि अपने क्षेत्रीय रजिस्ट्रार(जन्म-मृत्यु) को जन्म निबंधन की सूचना देना अनिवार्य है। कुछ जिला सांख्यिकी पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों में कर्मियों एवं उपस्करों की कमी की सूचना दी गयी। इस पर स्टेट डॉटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा बताया गया कि प्रत्येक जिला में District Monitoring & Evaluation Officer के कार्यालय से सम्पर्क कर समस्या का समाधान किया जा सकता है।

**(अनुपालन-सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

4. **स्वास्थ्य संस्थानों का डाटाबेस**- जिन जिलों से स्वास्थ्य संस्थानों का डाटाबेस की सी.डी. लम्बित है उन्हें अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

5. **निरीक्षण प्रतिवेदन**- मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, सुपौल, अररिया एवं कटिहार से रजिस्ट्रीकरण इकाइयों का निरीक्षण प्रतिवेदन लम्बित है। रजिस्ट्रीकरण इकाईयों के निरीक्षण की प्रक्रिया को विशेष रूप से सारगर्भित बनाने एवं निरीक्षण के दिन ही SMS द्वारा निदेशालय को सूचना उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

6. **अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम**- मुंगेर, खगड़िया, लखीसराय, शेखपुरा, बेगूसराय, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया एवं कटिहार सभी जिलों से जिला सांख्यिकी पदाधिकारी का मासिक अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम लम्बित है जो एक चिन्ताजनक स्थिति है। जिसे प्रत्येक माह में नियमित रुप से 5वीं तारीख तक भेजने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

7. **धारा 4(4) वार्षिक प्रतिवेदन**- जिलों से वार्षिक कार्यान्वियन प्रतिवेदन पूर्ववर्त्ती वर्ष का माह फरवरी तक निदेशालय को लभ्य कराना है। वर्ष 2016 का प्रतिवेदन शेखपुरा, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा एवं कटिहार से अप्राप्त है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को 31 मई 2017 तक निश्चित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

8. **टास्क फोर्स**- निदेश दिया गया कि सभी जिलों में जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर टास्क फोर्स का गठन कर नियमित रुप से बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन **एक सप्ताह के अन्दर** लभ्य कराना सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

9. **जीवनांक प्रपत्र**- प्रशाखा में प्रपत्र-1 की उपलब्धता की जानकारी देते हुए पूर्ववर्त्ती माह में उपयोग किये गये प्रपत्रों की संख्या के अनुरूप प्रपत्रों का आवंटन करने का निदेश दिया गया। साथ ही ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए शहरी निकाय एवं हेल्थ सेन्टर को प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी/ जीवनांक प्रशाखा)**

10. **नेशनल रजिस्ट्रर ऑफ सिटीजन्स, असमः**- नेशनल रजिस्ट्रर ऑफ सिटीजन्स, असम के निर्माण के क्रम में प्राप्त जीवनांक अभिलेखों के सत्यापन की समीक्षा करते हुए सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए सत्यापन प्रतिवेदन निदेशालय को लभ्य करायें।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

## III. लघु सिंचाईः-

पंचम लघु सिंचाई गणना संदर्भ वर्ष 2013-14 के कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें उपस्थित जिलों को सभी अनुसूचियों के ऑनलाईन डाटा इन्ट्री एवं वैलिडेशन कार्यो की समीक्षा कर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं वेन्डर को निदेशक महोदया द्वारा निदेशित किया गया।

1. लखीसराय, मधेपुरा, किशनगंज एवं कटिहार जिला से क्रमशः 6009, 9712, 5606 एवं 27535 भूजल अनुसूचियाँ प्राप्त कराया गया, जिनमें 5247, 9712, 5411 एवं 14471 भूजल अनुसूचियों का डाटा इन्ट्री कराया गया है। शेष अनुसूचियों का डाटा इन्ट्री एवं वैलिडेशन कार्य शीघ्र समाप्त करने हेतु निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- वेंडर)**

2. जमुई जिलाः- वेंडर को ऑनलाईन डाटा इन्ट्री एवं वैलिडेशन कार्य हेतु 7648 भूजल अनुसूची एवं 824 सतही जल अनुसूची प्राप्त कराया गया है। जिसमें जिला द्वारा 7648 भूजल अनुसूची एवं 824 सतही जल अनुसूची की डाटा इन्ट्री की गई है। सभी अनुसूचियों का वैलिडेशन कार्य शीघ्र समाप्त करने हेतु निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- वेंडर)**

3. अररिया जिलाः- डाटा इन्ट्री एवं वैलिडेशन कार्य हेतु 5876 भूजल अनुसूची वेन्डर को उपलब्ध कराया गया। 900 अनुसूचियों का अन्तर चतुर्थ की तुलना में पाया गया जिसे वेन्डर को अविलम्ब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- वेंडर)**

4. सारण (छपरा) एवं जहानाबाद जिला में डाटा इन्ट्री एवं वैलिडेशन कार्य हेतु क्रमशः 23064 एवं 7472 भूजल अनुसूची वेन्डर को उपलब्ध कराया गया, जिसमें 18078 एवं 7472 अनुसूचियों की ऑनलाईन डाटा इन्ट्री की गई है। इन जिलों में लगभग 5000 अनुसूचियाँ उपलब्ध है जिसका उठाव कर ऑनलाईन डाटा इन्ट्री कार्य किये जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं वेंडर)**

5. वैशालीः- वैशाली जिले के द्वारा बताया गया कि भूजल अनुसूची के डाटा गैप के अंतर को शुद्ध करने के लिए पुनः स्क्रूटनी कर क्षेत्रीय गणना कार्य छूटे हुए योजनाओं से की जा रही है।

**(अनुपालन- वेंडर)**

6. पटनाः- अनुपस्थित।
7. मुंगेरः- मुंगेर जिले का कार्य असंतोषजनक रहने के कारण उन्हें त्वरित गति से कार्य संपन्न कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन- जिला सांख्यिकी पदाधिकारी )**

## IV. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षणः-

1. बेगुसराय, मुंगेर, पुर्णियाँ, कटिहार एवं सहरसा निरीक्षणालय में चल रहे रान्यास के 74वें सत्र के कार्यो की समीक्षा की गयी। इस क्रम में पाया गया कि मुंगेर एवं सहरसा निरीक्षणालयों में आवंटित क्रमशः 64 एवं 67 प्रतिदर्शो के विरूद्ध मात्र 40 एवं 30 प्रतिदर्शो का सर्वेक्षण माह-अप्रैल, 2017 तक सम्पन्न किया गया है, जिसे काफी गंभीरता से लिया गया। मुंगेर एवं सहरसा निरीक्षणालयों को हर हाल में निर्धारित अवधि माह-जून 2017 तक सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न कराने का निदेश दिया गया। साथ ही मुंगेर से अनुसूचियों के प्राप्ति की स्थिति काफी दयनीय होने के कारण जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, मुंगेर को सख्त निदेश दिया गया कि रान्यास से संबंधित भ्रमण कार्यक्रम एवं मासिक प्रगति प्रतिवेदन निदेशालय को ससमय लभ्य कराना सुनिश्चित करें। शेष सभी निरीक्षणालयों का सर्वेक्षण की स्थिति संतोषप्रद पायी गयी। सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारियों को स्पष्ट निदेश दिया गया कि अपने-अपने निरीक्षणालयों में आवंटित प्रतिदर्शो के सर्वेक्षण का नियमित अनुश्रवण एवं निरीक्षण करें।
2. सभी संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को दिया गया कि रान्यास के 74वें सत्र में प्रत्येक माह के सर्वेक्षित प्रतिदर्शो की अनुसूचियाँ उसके अनुवर्ती माह के 7वीं तारीख तक साथ ही लंबित अनुसूचियाँ दिनांक 29.05.2017 तक निदेशालय को लभ्य कराना सुनिश्चित करें।
3. सभी संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारियों को स्पष्ट निदेश दिया गया कि रान्यास के 74वें सत्र के शेष बचे प्रतिदर्शो का सर्वेक्षण हर हाल में 30 जून, 2017 तक पूरा कर लें। किसी भी परिस्थिति में एक भी प्रतिदर्श आहत न हो।

4. जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, बेगुसराय को छोड़कर किसी भी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया है जो काफी असंतोषजनक है। आंकड़ों की गुणवत्ता एवं शुद्धता के लिए प्रत्येक माह निर्धारित प्रतिदर्शो के निरीक्षण करने एवं निरीक्षण प्रतिवेदन निदेशालय को ससमय उपलब्ध कराने हेतु सभी संबंधित प्रमंडलीय उप निदेशकों/जिला सांख्यिकी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– संबंधित प्रमंडलीय उप निदेशक/जिला सांख्यिकी पदाधिकारी)**

## V. स्थापना :–

स्थापना से संबंधित बिन्दुओं की समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम बजट, आवंटन एवं व्यय की समीक्षा की गई।

1. (क) वैसे प्रखण्ड जहाँ निर्धारित मानक के अनुसार वर्षामापक यंत्र अधिष्ठापित नही है उन जिलों में प्रति प्रखण्ड/प्रति यंत्र 6850/–(छः हजार आठ सौ पचास)रूपये की दर से आज ही आवंटन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। बजट सहायक के द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान ही पटना, नवादा, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, मधुबनी, बेगूसराय, अररिया, सहरसा, सुपौल, भोजपुर, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, बांका, गया एवं किशनगंज में अवस्थित कुल 61 वैसे प्रखण्डों जहाँ नये सिरे से वर्षामापक यंत्र अधिष्ठापित किया जाना है हेतु प्रति प्रखण्ड 6850/– (छः हजार आठ सौ पचास)रूपये की दर से आवंटन आदेश प्रारूप अनुमोदित करा लिया गया।

**(अनुपालन– संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं उप निदेशक, कृषि)**

(ख) मासिक व्यय विवरणी के क्रम में बताया गया कि अभी तक मात्र प्रमण्डलीय उप निदेशक (सांख्यिकी), पूर्णियाँ प्रमण्डल, जिला सांख्यिकी कार्यालय, सहरसा, पूर्णियाँ एवं लखीसराय से अप्रील 2017 का मासिक व्यय विवरणी उपलब्ध कराया गया है। जो चिन्ता का विषय है। निदेश दिया गया कि प्रत्येक माह का मासिक व्यय विवरणी अगले माह की 5वीं तारीख तक ईमेल से भेजते हुए इसकी हार्ड कॉपी हर हाल में 10वीं तारीख तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(ग) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संचालन हेतु निदेशालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 में कुल रूपये 8.33 लाख सहायक अनुदान वेतनादि के अलावे मद में क्षेत्रीय कार्यालयों को आवंटित किया गया है। जिसका BTC 42 A पर उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जाना है। निदेश दिया गया कि रब्बी 2016–17 तक के सभी देयता का भुगतान करने के पश्चात् सम्पूर्ण राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र निदेशालय द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराते हुए महालेखाकार कार्यालय, पटना में जमा करना आवश्यक है।

2. क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों/कर्मियों को सेवा इतिहास एवं उन्हें देय ACP/MACP के लिए विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन की मांग की गई थी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रतिवेदन मात्र जिला सांख्यिकी कार्यालय, किशनगंज (सेवा इतिहास), मुंगेर, शेखपुरा, जमुई एवं खगड़िया से प्राप्त हुआ है। शेष सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र उक्त प्रतिवेदन ईमेल से भेजते हुए इसकी हार्ड कॉपी स्थापना प्रशाखा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन- सभी संबंधित जिला सांख्यिकी पदाधिकारी/ प्रमण्डलीय उप निदेशक, सांख्यिकी)**

बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

12/6/17

(पूनम)
निदेशक

**बिहार सरकार**
**योजना एवं विकास विभाग**
**(अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय)**
**बिहार, पटना**

ज्ञापांक :– DES (योजना शखा) 12/2016/ 1028 /पटना, दिनांक:– 12-06-17

प्रतिलिपि:- 1. प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव।
2. वरीय संयुक्त निदेशक/सभी उप निदेशक (मुख्यालय एवं क्षेत्र)/सभी सहायक निदेशक (स्थापना सहित)/प्रशाखा पदाधिकारी(स्थापना)-1 एवं 2/प्रभारी, निदेशक कोषांग (मुख्यालय)/सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, पटना।

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि कार्यवाही में उल्लेखित कंडिकाओं का अनुपालन कराते हुए अधोहस्ताक्षरी को अनुपालन प्रतिवेदन अविलंब प्रेषित की जाय।

12/6/17
निदेशक

ज्ञापांक :- DES (योजना शखा) 12/2016/ 1028 /पटना, दिनांक:- 12.6.17

प्रतिलिपि:- वेंडर, उर्मिला इन्फो सौल्यूशन, प्रथम तल, बांके बिहारी सदन, श्री कृष्णापुरी, बोरिंग रोड, पटना-800001 को निदेश दिया जाता है कि कार्यवाही में उल्लेखित कंडिकाओं का अनुपालन सुनिश्चित करें।

12/6/17
निदेशक

ज्ञापांक :- DES (योजना शखा) 12/2016/ 1028 /पटना, दिनांक:- 12.6.17

प्रतिलिपि:- श्री सुदामा कुमार, आई०टी० मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, पटना के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/6/17
निदेशक

दिनांक 24.05.2017 (बुधवार) को निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय की अध्यक्षता में आहूत क्षेत्रीय पदाधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में भाग लेने वाले क्षेत्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति :–

| क्र. | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | मोबाईल सं० | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | प्रमण्डलीय उप निदेशक, कोशी (सहरसा) | | |
| 2 | संजय कुमार | प्रमण्डलीय उप निदेशक, पूर्णियाँ | 9334322082 | [signature] |
| 3 | श्री विनय कुमार | प्रमण्डलीय उप निदेशक, मुंगेर | 9430061941 | [signature] 24/5/17 |
| 4 | श्री संजय कुमार सिंह | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सहरसा | 9931663407 | [signature] 24.05.17 |
| 5 | श्री भीम शर्मा | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सुपौल | 9934633469 | [signature] 24/5/17 |
| 6 | श्री राजेश कुमार | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, मधेपुरा | 9430251344 | |
| 7 | श्री प्रवीण कुमार | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, पूर्णियाँ | 9595065112 | for Shyam Aenu J.S.A |
| 8 | P.K. Jha<br>आशिरवद सिंह ASO | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अररिया | 7070102223<br>7903930256 | [signature] 24.5.17 |
| 9 | ~~श्री मृणाल सेन~~<br>JSA | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, किशनगंज<br>श्री रामाशंकर (प्रभारी) | 7561936733 | [signature] 24/5/17 |
| 10 | मो० शमीम अंसारी<br>मो० सलीम अंसारी | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, कटिहार | 8804853243 | [signature] 24/05/2017 |
| 11 | श्री सत्य प्रकाश पासवान | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, मुंगेर | 9955838574 | |
| 12 | श्री रामाधार राम | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, लखीसराय | 8986273241 | [signature] 24/5/17 |
| 13 | घनश्याम रविदास<br>मदन नारायण सिंह A.S.O | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, शेखपुरा | 8544428533<br>9431681480 | [signature] 24/5/17 |
| 14 | श्री गणेश राम | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जमुई | 9430532014 | [signature] 24/5/17 |
| 15 | श्री विजय शंकर | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, खगड़िया | 9430666385 | [signature] 24/5/17 |
| 16 | श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी | जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, बेगुसराय | 9955649719 | [signature] 24.05.2017 |
| 17 | Rajesh Kr. | DPO-cum DSO, Madhepura | 9430251344 | [signature] |
| 18 | Sandhya Surabhi | D.S.O. Saran Chapra | 7277322478 | [signature] 24.05.17 |
| 19. | Savita Kumari | D.S.O Jehanabad | 7677051461 | [signature] 24/05/17 |

20.

Absentee for monthly meeting

दिनांक 24.05.2017 (बुधवार) को निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय की अध्यक्षता में आहूत क्षेत्रीय पदाधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में भाग लेने वाले निदेशालय (मुख्यालय) के पदाधिकारियों / कर्मियों की उपस्थिति :–

| क्र. | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | मोबाईल सं० | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्रीमती पूनम | निदेशक | | |
| 2 | श्री उपेन्द्र कुमार दास | व० सं० निदेशक | 9801704436 | 24/5/17 |
| 3 | श्री शिवेन्द्र कुमार वर्मा | उप निदेशक | 9471860542 | 24.5.17 |
| 4 | श्री विष्णु दयाल पंडित | उप निदेशक | 9430034991 | |
| 5 | श्री अजय कुमार चौधरी | सहायक निदेशक | 8002602191 | 24/5/17 |
| 6 | श्री महेश प्रसाद | सहायक निदेशक | 9852211565 | 24/5/17 |
| 7 | श्री जितेन्द्र प्रसाद | सहायक निदेशक | 9431660283 | 24/5/17 |
| 8 | श्री संजय लाल | सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी | 9431261122 | 24/5/17 |
| 9 | श्री सर्जुन शर्मा | सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी | 8757607740 | |
| 10 | श्री डी०एन० आचार्य | सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी | 9931148962 | 24/5/17 |
| 11 | मो० मीर सलाहुद्दीन | सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी | 7631336524 | 24/5/17 |
| 12 | श्री राजीव रंजन वर्मा | कनीय सांख्यिकी सहायक | 9334994819 | 24/5/17 |
| 13 | श्री विजय कुमार पाण्डेय | कनीय सांख्यिकी सहायक | 9431492615 | 24/5/17 |
| 14 | श्री प्रकाश मणि विश्वास | कनीय सांख्यिकी सहायक | 9431865013 | 24/5/17 |
| 15 | | | | |
| 16 | | | | |
| 17 | | | | |
| 18 | | | | |

*Absentee for monthly meeting*